U.P. POWER TRANSMISSION CORPORATION LTD
उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लिमिटेड
(उ0प्र0 सरकार का उपक्रम)
CIN-U40101UP2004SGC028687

OFFICE OF THE
Superintending Engineer
Electricity Transmiss Circle
132 KV Sub-Station,
(Near Veterinary College), Aurangabad
Mathura-281001
Email:- setmthra@gmail.com
GSTIN: 09AAACU8823E1Z9

U.P.P.T.C.L.

कार्यालय
अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत पारेषण मण्डल
132 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र
(वैटनरी कालेज के पास), औरंगाबाद
मथुरा–281001
दूरभाष सं0– 8874201486

संख्याः– 769 /वि0पा0मं0(म0)/ दिनांकः– 09/08/2024

विषयः– **विज्ञापन का प्रकाशन।**

विज्ञापन व्यवस्थापक,
अमर उजाला, आगरा/
हिन्दुस्तान, आगरा।

महोदय,

कृपया संलग्न विज्ञापन अपने दैनिक समाचार पत्र में आज अथवा अगली तिथि के अंक में कम से कम स्थान में हिन्दी भाषा के लिये 8–9 प्वाईन्ट में तथा अंग्रेजी भाषा के समाचार पत्र में 6–8 स्पष्ट टाईप में (समाचार पत्र के एक कालम मे) प्रकाशित करने की व्यवस्था करें। हैडिंग एवम् नीचे का नाम व पता यथा सम्भव एक ही पंक्ति में रनिंग मैटर के रूप में कम से कम स्थान में प्रकाशित करें।

प्रकाशन के उपरान्त विज्ञापन आदेश की प्रथम मूल प्रति प्रकाशन हेतु प्रेषित मूल सामग्री की मूल प्रति के साथ विज्ञापन शुल्क का बीजक 3 प्रतियों में अग्रिम भुगतान प्राप्ति रसीदी टिकट सहित प्रकाशित विज्ञापन की दो सम्पूर्ण वाउचर प्रतियां संलग्न करते हुए भुगतान हेतु अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत पारेषण मण्डल, मथुरा को प्रेषित करें। विज्ञापन आदेश की मूल प्रति के स्थान पर फोटोप्रति प्रेषित करने पर सत्यापन/ भुगतान सम्भव ना होगा।

विज्ञापन सामग्री जिस भाषा में हो उसी भाषा के समाचार पत्र में प्रकाशित की जाय। विज्ञापन प्रकाशित होते ही विलम्बतः एक सप्ताह के अंदर प्रकाशित विज्ञाप0न की एक कटिंग अधोहस्ताक्षरी को सूचनार्थ अवश्य भेज दी जाय अन्यथा सम्बन्धित बीजक का सत्यापन अथवा भुगतान नहीं किया जायेगा।

यदि आपको सूचना एवम् जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0 सरकार एवं दूरसंचार निदेशालय भारत सरकार द्वारा दी गयी विज्ञापन दरें स्वीकृत न हों तो कृपया विज्ञापन का प्रकाशन न करें एवम् अधोहस्ताक्षरी को अविलम्ब इस आशय की सूचना अवश्य देने का कष्ट करें।

विज्ञापन के अन्त में सबसे नीचे छोटे टाईप में राष्ट्रहित में बिजली बचाये का नारा तथा इस विज्ञापन की आदेश सं0 व दिनांक अवश्य प्रकाशित करें।
उक्त निर्देशों के विपरीत तथा गलत अथवा अटपटे ढंग से प्रकाशित किये गये विज्ञापनों में कार्पोरेशन द्वारा नियमानुसार आवश्यक कटौती की जा सकती है। अथवा सम्पूर्ण बीजक का भुगतान निरस्त किया जा सकता है।

संलग्नः– विज्ञापन आदेश की प्रथम व द्वितीय प्रति
तथा विज्ञापन सामग्री की एक प्रति।

भवदीय

(राम बरन)
अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत पारेषण मण्डल
मथुरा

पत्रांक– 769 वि.पा.मं.(म0.)/विज्ञापन दिनांक–
प्रतिलिपि विज्ञापन सामग्री सहित निम्नलिखित को सूचनार्थ एवम् आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. अनु सचिव (जन सर्म्पक), उ.प्र. पावर कार्पोरेशन लि0, शक्ति भवन, 14– अशोक मार्ग लखनऊ।
2. मुख्य अभियन्ता, पारेषण दक्षिण पश्चिम, ककरेटा रोड़, निकट अमर उजाला प्रेस, सिकन्दरा, आगरा।

(राम बरन)
अधीक्षण अभियन्ता
अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत पारेषण मण्डल
मथुरा

Scanned with OKEN Scanner

उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0

निम्नलिखित ई–निविदायें अधीकृत एवं अनुभवी कार्यदायी संस्थाओं/फर्मों से जो जी0एस0टी0 में पंजीकृत हो ई–टेण्डर के माध्यम से आमंत्रित की जाती हैं। विस्तृत विवरण प्रतिष्ठित समाचार पत्रों में प्रकाशन के उपरान्त ई–टेण्डर की वेबसाईट: www.etender.up.nic.in एवं विभाग की वैबसाईट www.upptcl.org पर उपलब्ध रहेगा।

01.	ई–निविदा संख्या– 35/वि0पा0मं0 (म)/2024–25 – विद्युत पारेषण खण्ड, हाथरस के अन्तर्गत 132 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र सादाबाद पर हाई मास्ट पर लाइट लगाने संबंधी कार्य।
02.	ई–निविदा संख्या– 36/वि0पा0मं0 (म)/2024–25 – विद्युत पारेषण खण्ड, हाथरस के अन्तर्गत 220 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र मीतई पर हाई मास्ट पर लाइट लगाने संबंधी कार्य।
03.	ई–निविदा संख्या– 37/वि0पा0मं0 (म)/2024–25 – विद्युत पारेषण खण्ड, हाथरस के अन्तर्गत 220 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र मीतई पर बसबार प्रोटेक्शन पैनल को क्रियाशील करने संबंधी कार्य।
04.	ई–निविदा संख्या– 38/वि0पा0मं0 (म)/2024–25 – विद्युत पारेषण खण्ड, मथुरा के अन्तर्गत 220 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र वृन्दावन पर 33 के0वी0 मेन बस को जैबरा कण्डक्टर से बदलने का कार्य।

अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत पारेषण मण्डल, मथुरा
"राष्ट्र हित में बिजली बचाऐ"

उपरोक्त विवरण ही प्रकाशित किया जाना है निम्न नाम एवं पदनाम, मौहर को प्रकाशित नहीं किया जाना है।

(राम बरन)
अधीक्षण अभियन्ता
वि0पा0मं0, मथुरा

अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत पारेषण मण्डल
मथुरा

Scanned with OKEN Scanner